# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम थम गया है। इसके पूर्व भाजपा, समाजवादी पार्टी, बसपा सहित अन्य दलों ने आज चुनाव प्रचार के आखिरी दिन चुनावी सभा और रोड शो के माध्यम से प्रचार कर अपने अपने प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की। वाराणसी में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि विपक्ष चाहे जितने भी अनर्गल प्रलाप करे ले, उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीत हासिल करेगी। वहीं कानपुर नगर की सीसामऊ विधान सभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन ने बीजेपी प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मीरापुर विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा–रालोद गठबंधन किसानों और देश की तरक्की के लिए काम कर रहा है। उधर, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश उपचुनाव के बीच बड़ा बयान दिया है। सपा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस चुनाव को संविधान बनाने वाले और मिटाने वाले के बीच का बताया और दावा किया है कि पीडीए ही संविधान की रक्षा करेगा। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा सीट पर एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ककरौली में प्रत्याशी अरशद राणा के लिए प्रचार किया।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज लखनऊ स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नौंवे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। समारोह में राज्यपाल ने 132 छात्र–छात्राओं को 149 पदक प्रदान किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में आगे रहा है लेकिन इस ज्ञान को छुपा दिया गया था। रामपुर स्थित रजा लाइब्रेरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां पर ऐसी ऐसी नयाब पुस्तके हैं जिन्हें सभी छात्र–छात्राओं को पढ़ना चाहिए। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सीपेट के महानिदेशक प्रोफेसर शिशिर सिन्हा शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड जैसी दुर्घटनाओं को भविष्य में रोकने के लिए आज विभागीय अधिकारियों के साथ लखनऊ स्थित एनेक्सी भवन में बैठक की। इस दौरान श्री पाठक ने अधिकारियों को सभी मेडिकल कॉलेजों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए, साथ ही ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए समय समय पर मॉक ड्रिल कराने को भी कहा।

**********

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम की मौजूदगी में महाराजगंज स्थित कन्हैया बाबा स्थान पर होने वाले उत्खन्न कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि हजारो वर्ष पूर्व इसी क्षेत्र से भगवान बुद्ध ने अहिंसा का जो मार्ग दिखाया वो पूरी दुनिया में फैला। उन्होंने कहा कि उत्खनन मे प्रमाणित होने के बाद इस क्षेत्र का चहुमुंखी विकास होगा। और टूरिज्म को बढावा मिलेगा। सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के जंगल मे स्थित कन्हैया बाबा स्थान को बुद्ध के आठवें अस्थि स्तूप की मान्यता के परिप्रेक्ष्य में आज से उत्खनन कार्य का शुभारंभ हुआ है।

**********

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज हरियाणा के पहलवानों का कुश्ती में दबदबा रहा। आज की कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरला, तेलंगाना, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, मणिपुर, विद्या भारती, नवोदय विद्यालय, नगालैंड ,उड़ीसा, आंध्र प्रदेश के पहलवानों ने कुश्ती में अपने दमखम का प्रदर्शन किया। हरियाणा के पहलवानों ने कई भार वर्ग में अपने विरोधियों को आसमान दिखाकर पदक पर कब्जा जमा लिया।

**********

प्रयागराज में अगले वर्ष दो हजार पच्चीस में होने वाले महाकुम्भ में नेत्रकुभ का भी आयोजन होगा। लगभग दो महीने तक चलने वाले इस नेत्र कुंभ में देश भर के प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक नेत्र रोगियों का इलाज करेंगे। यह जानकारी आज प्रयागराज में नेत्र कुंभ आयोजन समिति के अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 में 12 जनवरी से 26 फरवरी तक नेत्र कुंभ का आयोजन होगा, जिसमें पांच लाख से अधिक नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण और निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। जरूरत मंद लोगों के आंखों का ऑपरेशन नजदीकी अस्पताल में निःशुल्क किया जायेगा।

**********

समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग की भदोही में संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस विधायक के आवास के अंदर सामानों की गिनती कर रही है। जाहिद बेग और उनकी पत्नी के खिलाफ नाबालिग से मजदूरी कराने और एक नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज है।

**********